अमर उजाला
बरेली । मंगलवार । 3 मई 2016

छात्रों ने वैज्ञानिक बनने की प्रेरणा ली

बरेली। श्रीराम मूर्ति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में रही इंस्पायर इंटर्नशिप-2016 कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। कार्यक्रम में आए मेंटर्स ने विद्यार्थियों को इंस्पायर किया। समापन कार्यक्रम के पहले मेंटर इंडियन सोसाइटी ऑफ टेक्निकल एजुकेशन के सदस्य डॉ. प्रभाकर गुप्ता रहे। इनके राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शोध भी प्रकाशित हो चुके हैं। दूसरे वक्ता प्रो. संतोष कुमार ने ने अपने लेक्चर में गणित, जीव-विज्ञान, भौतिकी और रसायन का संदर्भ देते हुए शोध के विभिन्न क्षेत्रों मसलन पेट्रोलॉजी, मिनरोलॉजी, जीयोलॉजी, जियोभौतिकी के बारे में विस्तार से बताया। समन्वयक रतीश अग्रवाल ने इंस्पायर के पांच दिनों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। समापन समारोह में रिचा मूर्ति, ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनंत श्रीवास्तव, डॉ. मुस्तकीम अब्दुल्ला आदि मौजूद रहे। अंत में कार्यक्रम का संचालन अमर प्रताप सिंह ने किया और सचिन अग्रवाल ने आभार व्यक्त दिया।